कवाल गांव की रहने वाली महिला बच्चों के साथ डीएम से न्याय की गुहार लगाने पहुंची थी

# महिला का बच्चों के साथ पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास

**अफरातफरी**



मुजफ्फरनगर में बुधवार को डीएम कार्यालय पर कवाल की महिला द्वारा आत्मदाह करने के प्रयास के समय वहां मौजूद भीड़।

**मुजफ्फरनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** बुधवार को कलेक्ट्रेट में उस समय अफरातफरी मच गई जब एक महिला ने डीएम के स्तर पर न्याय नहीं मिलने से क्षुब्ध होकर पेट्रोल छिड़कर बच्चों के साथ आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने महिला को आत्मदाह करने से रोक लिया। बाद में सिविल लाइन पुलिस ने आत्मदाह करने आई महिला शालू और उसकी मां को कस्टडी में ले लिया है। इस मामले में सिविल लाइन पुलिस ने मां-बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कवाल गांव निवासी शालू की काफी समय पहले जानसठ निवासी अमित से शादी हुई थी। एक साल पूर्व अमित की मौत हो गई। आरोप है कि अमित की मौत के बाद ससुरालियों ने महिला व उसके बच्चे को घर से बाहर कर दिया। घर में ताला डाल दिया। उसके बाद से शालू अपनी मां के घर कवाल गांव में रह रही है। शालू बुधवार को दूसरी बार डीएम उमेश मिश्रा के कार्यालय में न्याय की गुहार लगाने आई थी। बताया जाता है कि डीएम द्वारा पीड़िता को बताया गया कि यह मामला कोर्ट का है। कोर्ट से न्याय मिल पाएगी। इससे क्षुब्ध होकर महिला शालू ने डीएम कार्यालय से बाहर निकलकर कलेक्ट्रेट परिसर में बच्चों के साथ अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह करने लगी लेकिन मौके पर मौजूद महिला पुलिस कर्मियों ने महिला को आत्मदाह करने से रोक लिया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर सैकड़ों लोग इकट्ठे हो गए। आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला का कहना था कि जब डीएम के स्तर पर सुनवाई नहीं होगी तो कहां जाकर मरेंगे। शालू का कहना है कि ससुरालियों ने घर में ताला डाल दिया है, बच्चों को लेकर कहां रहेंगे, कब तक मायके रहूंगी। शालू ने सास-ससुर पर पति की संपत्ति कब्जाने का आरोप लगाया। उधर कलेक्ट्रेट में आत्मदाह का प्रयास करने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने शालू व उसकी मां को कस्टडी में ले लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उधर डीएम उमेश मिश्रा का कहना है कि हरेक पीड़ित को नियमानुसार न्याय दिलाने का काम किया जा रहा है। न्यायालय से संबंधित मामले की सुनवाई कोर्ट में ही संभव है।

# कुतुबपुर में छज्जा गिरा, छह लोग घायल



मीरापुर के कुतुबपुर में छज्जा गिरने से नीचे दबकर घायल लोग अस्पताल में उपचार कराते व नीचे गिरा पड़ा छज्जा।

**मीरापुर,संवाददाता।** मीरापुर क्षेत्र में पिछले तीन से लगातार हो रही बारिश के चलते गांव कुतुबपुर में एक मकान का छज्जा गिरने से एक ही परिवार के महिला सहित छह लोग नीचे दबने से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेरठ के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

मीरापुर क्षेत्र में रविवार की रात्रि से भयंकर बारिश हो रही है। बारिश के चलते क्षेत्र में तीन कच्चे मकान भी गिर चुके है। सोमवार को खतौली रोड पर एक युवक जीशान की मौत भी मकान की छत गिरने के दौरान मलबे के नीचे दबने से हो गयी थी। मंगलवार की देर रात्रि गांव कुतुबपुर निवासी जयवीर पुत्र खजान सिंह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के बरामदे में छज्जे के नीचे बैठा हुआ था। तभी अचानक उसके मकान का छज्जा भर-भराकर नीचे गिर गया तथा जयवीर व उसके पुत्र अर्जुन, ललित व विकास, पुत्री ललिता व पुत्रवधु ममतेश छज्जे के नीचे दब गए। इससे दौरान मौके पर चीख पुकार मच गई।

शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुँचे तथा मलबा हटाकर छज्जे के नीचे दबे सभी लोगों को बाहर निकाला तथा एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को उपचार के लिए मीरापुर एक चिकित्सक के यहां ले गए। किन्तु चिकित्सक ने सभी घायलों को मेरठ रैफर कर दिया।

जहां सभी का उपचार चल रहा है। घायलों में शामिल अर्जुन व ललिता के पैर टूट गए तथा विकास के हाथ की उंगली कट गयी।

# अग्निवीर भर्ती में 13 जिलों के 17 हजार अभ्यर्थी करेंगे प्रतिभाग

**बैठक**

- स्टेडियम में 21 अगस्त से 8 सितम्बर तक होगी अग्निवीर सेना भर्ती
- भर्ती की तैयारी को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**मुजफ्फरनगर,संवाददाता।** बुधवार को डीएम उमेश मिश्रा ने जिला पंचायत के सभागार में अग्निवीर सेना भर्ती की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की है। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न बिन्दुओं पर दिशा निर्देश दिए हैं। चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में 21 अग्रस्त से 8 सितम्बर तक अग्निवीर सेना भर्ती होगी। जिसमें 13 जिलों के करीब 17 हजार अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि जनपद में भारतीय सेना की ओर से 21 अगस्त से 8 सितम्बर तक अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन किया जाना है। अग्निवीर सैना भर्ती चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में होगी। जिसमें प्रदेश के 13 जनपदों के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ और बुलंदशहर के अभ्यर्थी आएंगे। बैठक में सेना के भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने अधिकारियों को रैली के मद्देनजर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली में 17 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।



मुजफ्फरनगर में बुधवार को जिला पंचायत सभागार पर बैठक लेते जिलाधिकारी वहीं बैठक में मौजूद अन्य अधिकारी

**जनपद में प्रतिदिन लगभग 1200 अभ**

जनपद में प्रतिदिन लगभग 1200 अभ्यर्थी आएंगे। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को उचित व्यवस्थांए समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को पेयजल, साफ-सफाई, बेरीकेडिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लाइट, शौचालय, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को पर्याप्त मात्रा में बसों को संचालन करने एवं अग्निशमन विभाग को रैली स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़, एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी व सेना भर्ती के अधिकारी मौजूद रहे।

# कारोबारी की हत्या कर ड्राइवर ने रचा लूट का ड्रामा

- सरधना में गंगनहर पर मंगलवार को कार में हुई थी कारोबारी की हत्या

**मेरठ/सरधना।हिटी** मुजफ्फरनगर के कारोबारी के ड्राइवर ने साढ़े सात लाख की रकम लूटने के लिए अपने ही मालिक की हत्या कर दी और खुद को चाकू से घायल कर लूट का नाटक रच दिया। पुलिस की जांच पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने चालक और उसके साथी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। दोनों को पैर में गोली लगी है।

मुजफ्फरनगर की बचन सिंह कॉलोनी निवासी कारोबारी अंशुल सिंघल अपनी बोलेनो कार में चालक सावन निवासी सीमली थाना शाहपुर के साथ मंगलवार शाम करीब सात बजे मुजफ्फरनगर से गाजियाबाद जाने के लिए निकले थे। मेरठ के सरधना क्षेत्र में गंगनहर पटरी पर चाकू से गोदकर अंशुल की हत्या कर दी गई थी। सावन भी घायल हालत में मिला था। सावन से पूछताछ में पता चला कि उनसे ही अपने दोस्त सनोज के साथ रुपये लूटकर अंशुल की हत्या की है। > देखें P05

## चारा काट रहे युवक पर हमला

**छपार।** खेत में चारा काट रहे युवक पर तीन अज्ञात आरोपियो ने लाठी डंडे से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। पीडित ने पुलिस से शिकायत की है। क्षेत्र के गांव जयभगवान पुर निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र गोपीचंद ने घटनास्थल के सम्बंध में तहरीर दी है, जिसमें उसने बताया कि बुधवार दोपहर डेढ बजे वह अपने खेत में चारा काटने गया था, तभी वहां पर तीन अज्ञात व्यक्ति पहुंचे ओर उसपर लाठी डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया, आसपडोस के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# भीड़ की पिटाई से घायल की हुई मौत

**मॉबलिंचिंग**

**मीरापुर, संवाददाता।** तीन दिन पूर्व मीरापुर बस स्टैंड के समीप बस की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए थे। जिसके बाद गुस्साई भीड़ में बस चला रहे परिचालक की जमकर पिटाई की थी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल परिचालक की उपचार के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक के पुत्र ने सात लोगों को नामजद व 15-20 अज्ञात युवकों पर अपने पिता की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

सोमवार की देर शाम मीरापुर में बस स्टैंड के समीप मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही मुजफ्फरनगर-बहसूमा मार्ग की एक प्राइवेट बस के ब्रेक फेल हो गए थे जिस कारण अनियंत्रित हुई बस की टक्कर लगने से मीरापुर के मौहल्ला कमलियान निवासी बाइक सवार दो युवक शाहआलम पुत्र साबिर व सावेज पुत्र इसराइल घायल हो गए थे।दुर्घटना के समय बस को परिचालक मुकेश पुत्र सोमपाल(45 वर्ष) निवासी भुम्मा चला रहा था। दुर्घटना के बाद घायल बाइक सवार युवकों के परिचित लोगों की भीड़ ने बस चला रहे परिचालक मुकेश की जमकर पिटाई की थी जिससे वह गंभीर घायल हो गया था। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गई थी तथा भीड़ के चंगुल से बामुश्किल परिचालक को छुड़ाया था।



मृतक मुकेश का फाइल फोटो ।

> "मृतक मुकेश के पुत्र की तहरीर पर सात नामजद व 15-20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।कार्यवाही की जा रही है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> **बबलू कुमार वर्मा,** इंस्पेक्टर मीरापुर

# कोयला सप्लायर की गाड़ी लेकर फरार चालक गिरफ्तार



कोयला सप्लायर की गाड़ी व नगदी लेकर भागने वाला चालक पुलिस हिरासत में।

**खतौली,संवाददाता**। नेशनल हाईवे से कोयला के सप्लायर की गाड़ी व लाखों की नगदी लेकर फरार हुए चालक को पुलिस ने घेराबंदी कर 20 घंटे के अंदर गाड़ी व नगदी समेत पकड़ लिया है। पकड़े गए चालक से पूछताछ के बाद चालान कर दिया गया। घटना के बाद चालक को पकड़ने के लिए पुलिस ने चार टीमें लगाई थी जिन्होंने चालक को पकड़ा है।

दिल्ली शकरपुर पूर्वी क्षेत्र के सरिता बिहार निवासी विनय जैन क्षेत्र के भट्ठों पर कोयले की सप्लाई करता है। मंगलवार को विनय जैन का लड़का आयुष जैन अपने चाचा मोहन जैन के साथ अपनी फोरच्यूनर गाड़ी से चालक प्रेम उर्फ परमेश्वर के साथ भट्ठों के सप्लाई की रकम की वसूली करने आया था। वसूली करने के बाद चाचा भतीजा हाईवे स्थित एसवी पंजाबी ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके। आयुष ने चालक को गाड़ी पार्किंग में खड़ी करने को कहा। चालक गाड़ी को खड़ी करने के बजाए लेकर फरार हो गया। चालक के काफी देर तक न पहुंचने पर आयुष गाड़ी को देखने गया तो वहा पर चालक व गाड़ी नहीं थी। आयुष ने अपने पिता को गाड़ी व नगदी गायब होने की जानकारी दी। सप्लायर ने पुलिस को चालक के गाड़ी व उसमे रखी करीब 13.65 लाख की नगदी होने की जानकारी दी।

कोतवाल ब्रजेश शर्मा ने चालक को पकड़ने के लिए चार टीमें लगाई। बीस घंटे बाद टीम को सफलता उस समय मिली जब गाड़ी व चालक खतौली क्षेत्र के सफेदा रोड पर नजर आई। टीम ने घेराबंदी कर चालक प्रेम उर्फ परमेश्वर यादव निवासी ग्राम ब्रहमपुर तोले किसनिपटी थाना फुलसपरास जिला मधुबनी बिहार हाल निवासी कड़कडूमा थाना अनन्द विहार दिल्ली को पकड़ लिया।

## पश्चिम बंगाल का रहने वाला है चालक

बुधवार को सीओ राम आशीष यादव व कोतवाल ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि पकड़ा गये चालक का लाइसेंस व पता पश्चिम बंगाल का था। करीब आठ महीने पूर्व ही सप्लायर ने चालक के रूप में रखा था। बताया कि पुलिस की सक्रियता के चलते चालक पकड़ा गया है। अगर कुछ घंटे ओर देर हो जाती तो चालक को पकड़ना पुलिस के लिए सरदर्द बन जाता। पुलिस ने चालक के मोबाइल को भी जब्त किया है।

# नकली उर्वरक बनाने वाले दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर**। नकली उर्वरक तैयार कर ब्रांडेड कंपनियों के बैग में पैक करके सप्लाई करने वाले दो वांछितों को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में जून माह में कृषि अधिकारी ने टीम के साथ छापेमारी मारकर नकली उर्वरक पकडा था। जिसके संबंध में शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी।

शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि 22 जून को गोदाम से मालिक अमित कश्यप निवासी कूकडा को मौके से गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को शहर कोतवाली पुलिस ने बामनहेडी पुल के पास से उमाशंकर निवासी मोहल्ला रैदासपुरी थाना सिविल लाइन व अरविंद उर्फ राहुल निवासी पटेलनगर थाना नई मंडी को गिरफ्तार कर लिया है।

# बंद मकान से लाखों की चोरी

**बुढ़ाना**। गांव मंदवाड़ा में बंद मकान में चोरों ने घूसकर लाखों की नगदी व जेवरात चोरी कर लिए। मकान मालिक ने पुलिस को चोरी की तहरीर दे दी है।

गांव मंदवाडा निवासी आजाद पुत्र हाजी हनीफ अपनी पत्नी सहित चोरों की अफवाह के चलते अपने मकान को ताला लगाकर सामने अपनी बुआ के मकान में सो रहा था। सुबह जब वह अपने मकान पर आए, तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। कमरे के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोर कमरे से डेढ़ लाख रुपए व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। आजाद द्वारा सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## पुलिस ने कारोबारी की हत्या करने वाले चालक और साथी को किया मुठभेड़ में गिरफ्तार

# साढ़े सात लाख के लिए ड्राइवर ने दोस्त के साथ मिलकर किया कत्ल

**खुलासा**

**मेरठ-मुजफ्फरनगर, हिटी।** मुजफ्फरनगर के कारोबारी अंशुल की हत्या उनके ही चालक ने दोस्त के साथ मिलकर की। आरोपी ने अंशुल के साथ ही उनके विश्वास का भी कत्ल कर दिया। आरोपी ड्राइवर सावन ने अपने दोस्त सनोज के साथ मिलकर 15 दिन लूट की प्लानिंग की थी।

सावन पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था और उसने ही अपने दोस्त सनोज को बताया कि उसका मालिक अंशुल हर 7 से 10 दिन में गाजियाबाद और दिल्ली जाता है। इस दौरान उसके पास 10 से 15 लाख रुपये रहते हैं। इसी को लेकर दोनों ने लूट की योजना बनाई। सावन ने बताया कि वह सुनसान जगह पर कार रोक देगा, जिसके बाद हत्या कर रकम लूट लेंगे। इसी प्लानिंग के तहत मंगलवार रात को आरोपियों ने





मुजफ्फरनगर के कारोबारी की हत्या के बाद फरार चल रहे चालक और उसका साथी मेरठ में मुठभेड़ के बाद घायल पड़े हुए।

> ड्राइवर सावन ने अपने दोस्त सनोज के साथ मिलकर ही अंशुल की हत्या और लूट की थी। पुलिस ने दोनों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। साथ ही दोनों से लूटी गई 7.50 लाख की रकम, तीन सोने की अंगूठी, चेन बरामद की है। -डॉ. विपिन ताडा, एसएसपी मेरठ।

वारदात अंजाम दी। पुलिस ने 14 घंटे में ही घटना का खुलासा किया है।

मुजफ्फरनगर की बचन सिंह कॉलोनी निवासी कारोबारी अंशुल सिंघल अपनी बोलेनो कार में चालक सावन निवासी सीमली थाना शाहपुर के साथ मंगलवार शाम करीब सात बजे मुजफ्फरनगर से गाजियाबाद जाने के लिए निकले थे। मेरठ के सरधना क्षेत्र में गंगनहर पटरी पर चाकू से गोदकर अंशुल की हत्या कर दी गई थी। सावन और सनोज ने उनकी 7.50 लाख रुपये की रकम, सोने की चेन, अंगूठी लूट ली। इसके बाद घटना को बदमाशों का हमला दिखाने के लिए सावन ने खुद को भी चाकू मार लिए। पुलिस ने सावन और सनोज को गिरफ्तार कर लिया। लूट का सामान बरामद करने के दौरान आरोपियों ने पुलिस की पिस्टल छीनकर फायर कर दिया और मुठभेड़ में सावन और सनोज दोनों को पैर में गोली लगी। दोनों को कोर्ट पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

# खुसरोपुर गांव में दीवार गिरी, 3 घायल

**चरथावल, संवाददाता।** कई दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते खुसरोपुर गांव में सड़क किनारे दीवार गिरने से पांच वर्षीय बालक सहित तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल टूटी दीवार के नीचे से घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया। जहां पांच वर्षीय बालक की गंभीर हालत के चलते उसे मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया।

चरथावल थाना क्षेत्र के खुसरोपुर में कई दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते सड़कों पर पानी जमा हो गया। बुधवार देर शाम किसान बुंदू के मकान की दीवार अचानक भरभराकर कर गिर गई।



चरथावल सीएचसी में घायलों का हालचाल जानते हिंडन चौकी इंचार्ज राजेश शर्मा।

अचानक गिरी दीवार के चपेट में सड़क से जा रहे पांच वर्षीय बालक साहिबान पुत्र फुरकान सहित अरमान और अरहम दीवार के नीचे दब गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों घायलों को टूटी दीवार के मलबे से निकला तथा आनन फानन में घायलों को लेकर सीएचसी चरथावल पहुंचे। जहां से गंभीर अवस्था के चलते पांच वर्षीय बालक साहिबान पुत्र फुरकान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते हिंडन चौकी इंचार्ज राजेश शर्मा मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों की मदद से सड़क से मलबा हटवाकर रास्ता सुचारु कराया। किसान बुंदू ने बताया कि सड़क और नाली में कई दिनों से पानी भरकर नींव में जाने से पक्की दीवार भरभराकर गिरी है।

# बैराज से बजा सायरन, गंगा में उफान...गांवों में घुसा पानी

## रामपुर ठकरा, जीवनपुर में सहमे ग्रामीण, मध्य गंगा बैराज पर गंगा ने खतरे का निशान किया पार

**संवाद सूत्र, जागरण • रामराज :** उत्तराखंड में पहाड़ों पर बादल फटने से गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। हरिद्वार से छोड़े गए पानी से बिजनौर-मुजफ्फरनगर सीमा पर स्थित मध्य गंगा बैराज पर गंगा खतरे के निशान 220 मीटर को पार कर गई है। आसपास के कई गांवों में पानी घुस गया है और हजारों बीघा फसल को चपेट में ले लिया है। प्रशासनिक टीम गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सचेत करने में लगी हैं।

पहाड़ी क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा से गंगा उफन कर बह रही है। मंगलवार की दोपहर उत्तराखंड के धराली में बादल फटने के बाद गंगा का जलस्तर और बढ़ गया। बुधवार को रामराज के मध्य गंगा बैराज पर गंगा खतरे के निशान 220 मीटर को पार करके 220.30 मीटर पर पहुंच गई। दोपहर 12 बजे हरिद्वार से गंगा में तीन लाख नौ हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जबकि दोपहर में बैराज से गंगा नदी में दो लाख 88 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज की माप दर्ज की गई। तीन बजे हरिद्वार से गंगा में तीन लाख 52 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जबकि चार बजे बैराज से गंगा में तीन लाख 62 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। सिंचाई विभाग के अधिकारी गंगा का जलस्तर बढ़ने पर बैराज से सायरन बजाकर लोगों को सचेत कर रहे हैं। बता दें कि दोपहर में बाढ़ का पानी जानसठ तहसील के गांव रामपुर ठकरा व जीवनपुर में पहुंच गया। अचानक पानी आने से ग्रामीण सहम उठे। जंगल में चारा लेने गए ग्रामीण भी वापस लौट आए। वहीं राजस्व विभाग की टीम गंगा के निकटवर्ती गांवों में घूमकर ग्रामीणों को गंगा से दूर रहने की अपील कर रही है।



रामराज के बैराज पर बढ़ता गंगा का जलस्तर। इस दौरान गंगा ने खतरे के निशान को पार कर लिया • जागरण



रामराज के जीवनपुरी गांव में घुसा बाढ़ का पानी • जागरण



रामराज क्षेत्र के खादर में खेतों में भरा बाढ़ का पानी • जागरण

**तटबंध बचाव के लिए पांच ठोकरें और बनें :** वर्ष 1999 में गंगा बांध समिति द्वारा मध्य गंगा बैराज से शाहपुर गांव तक 16 किमी लंबा तटबंध निर्माण कराया गया था। वर्ष 2012 में उक्त तटबंध को सरकार ने अधिग्रहण कर लिया था। इसके बाद सिंचाई विभाग ने तटबंध का कटान रोकने के लिए यहां पत्थरों की 10 ठोकरों का निर्माण कराया। ठोकरों से तटबंध सुरक्षित होने पर अब ग्रामीणों ने पांच और नई ठोकरों का निर्माण कराने की मांग की है।

### इन वर्षों में बैराज से हुआ अधिकतम पानी का डिस्चार्ज

- 2010 में 5 .62 लाख क्यूसेक
- 2011 में 3 .71 लाख क्यूसेक
- 2013 में 5 .17 लाख क्यूसेक
- 2021 में 4 .25 लाख क्यूसेक
- 2024 में 3 .88 लाख क्यूसेक
- 2025 में 3 .62 लाख क्यूसेक

"गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राजस्व विभाग की टीमें लगातार ग्रामीणों को सचेत कर रही हैं। गांव देवल, हुसैनपुर व नयागांव में बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है।

जयेंद्र सिंह, एसडीएम जानसठ

### रास्तों पर भरा पानी फसलें जलमग्न

मध्य गंगा बैराज पर गंगा पूरे उफान पर बह रही है। गंगा के पानी ने खादर क्षेत्र के ग्राम अहमदवाला, उजियाली खुर्द, अल्लूवाला, हंसावाला, स्याली, चुहापुर, लालपुर राहडवा, शाहपुर, खेड़ी गैर अहतमाल, नीला जलालपुर, जीवनपुरी, रामपुर ठकरा में हजारों बीघा फसल को जलमग्न कर दिया है। फसलों में बाढ़ का पानी आने से किसान चिंतित हो उठे हैं तथा किसानों के सामने पशुओं के चारे का संकट छा गया है।

# नकली खाद बनाने में दो वांछित दबोचे

**संवाद सहयोगी, जागरण • मुजफ्फरनगर :** पुलिस ने नकली उर्वरक तैयार कर ब्रांडेड कंपनियों के बैग में पैक करके सप्लाई करने वाले दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जून माह में जिला कृषि अधिकारी द्वारा गोदाम पर छापेमारी के बाद शुरू हुई थी।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया ने बताया कि 22 जून को पुलिस और कृषि विभाग की टीम ने रुडकी रोड पर छापेमारी की थी, जहां नकली कीटनाशक, उर्वरक और बीज बरामद हुए थे। बरामद सामग्री के नमूने लेकर गोदाम को सील कर दिया गया था। जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने 23 जून को इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। गोदाम के मालिक अमित कश्यप को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। बुधवार को बामनहेड़ी पुल के पास से उमाशंकर और अरविंद उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया गया।

उमाशंकर गोदाम में खाद बनाने का कार्य करता था, जबकि अरविंद मैनेजर के रूप में कार्यरत था। दोनों के नाम अमित कश्यप से पूछताछ के दौरान सामने आए थे।




मुजफ्फरनगर में शहर कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपित • सौ. पुलिस

कोतवाल उमेश रोरिया ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। गौरतलब है कि 22 जून को उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही और अन्य अधिकारियों ने गोदाम पर छापा मारा था, जहां से विभिन्न ब्रांडों के नकली उर्वरक और बीज बरामद हुए थे।

# एसएसपी ने थाने की मैस का किया उद्घाटन

**संसू, पुरकाजी:** पुरकाजी थाने की मैस (आदर्श रसोई), हाई मास्क लाइट का एसएसपी ने फीता काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया।

बुधवार की शाम एसएसपी संजय सिंह वर्मा पुरकाजी थाने में पहुंचे, जहां थाने की नवनिर्मित मैस, हाई मास्क लाइट, सोलर पैनल वाटर कूलर का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। एसएसपी ने उसके बाद महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क पर उन्होंने प्रार्थना पत्र की जानकारी ली। एसएसपी ने फरियादी की समस्या सुनकर जल्द निस्तारण के दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने कार्यालय के वायरलेस से रात 8 से 9 बजे तक शराब के ठेकों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के निर्देश दिए है। वही उन्होंने पुरकाजी थानाध्यक्ष को आधुनिक तरीके से पुलिस के लिए बनाई मैस के लिए शाबासी दी गई।

Ba
जबकि, वित्तीय आस्ति
सहपठित प्रतिभूतिहित हि

# 14 महीने से दहेज हत्या में फरार पति व सास गिरफ्तार

**संसू, चरथावल:** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या करने के आरोप में करीब 14 माह से फरार चल रहे पति व सास को पुलिस ने गाजियाबाद से धर लिया है।

जनपद मेरठ थाना सरधना के गांव खेडा निवासी सत्यप्रकाश ने 28 मई 2024 को दर्ज कराए मुकदमे में बताया था कि उसकी पुत्री मोनिका की शादी चरथावल क्षेत्र के ग्राम दूधली निवासी मोहित के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुई थी। नाराज ससुरालियों ने 24 मई 2024 को मोनिका की हत्या कर दी थी। मृतका के पिता ने पति मोहित, सास कुसुम, ससुर कुलभूषण व ननद वंदना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज था। तभी से सभी आरोपित फरार थे। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि आरोपित पति मोहित व सास कुसुम ग्राम पचायरा थाना ट्रोनिका सिटी जनपद गाजियाबाद में मौजूद है।

# मां-बेटी ने कलक्ट्रेट में किया आत्मदाह करने का प्रयास

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरनगर:** पारिवारिक विवाद के चलते मां-बेटी ने कलक्ट्रेट में आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि पुलिसकर्मियों ने पेट्रोल से भरी बोतल छीन ली और दोनों को पुलिस अभिरक्षा में सिविल लाइंस थाने भेजा, जहां दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आत्मदाह के प्रयास से पूर्व मां-बेटी ने डीएम के समक्ष अपनी समस्या रखी और पुलिस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

गांव कवाल निवासी शालू तीन बच्चों और मां बेबी के साथ बुधवार को कलक्ट्रेट पहुंची, जहां जनसुनवाई के दौरान वह डीएम उमेश मिश्रा से मिली। बेबी ने कहा कि बेटी शालू की शादी गांव कवाल निवासी अमित से हुई थी। एक साल पहले दामाद की मौत हो गई थी। बेटी ससुराल में आटा चक्की चलाकर तीन बच्चों की परवरिश कर रही थी, लेकिन उसके सास-ससुर ने आटा चक्की बंद करा दी। अब बच्चों समेत बेटी को घर से निकाल दिया गया है, जिससे बेटी मजदूरी करने को मजबूर है। बताया कि इस बारे में जानसठ कोतवाली की कवाल पुलिस चौकी पर आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आरोप यह भी है कि पुलिस बेटी के सास-ससुर से मिली हुई है। उल्टे उन पर फैसले का



कलक्ट्रेट में आत्मदाह करने का प्रयास करती महिला को रोकती पुलिस • जागरण

दबाव बनाती है। डीएम ने मामले की जांच कराने की बात कही तो महिलाओं ने नाराजगी जताई। मांग की कि बेटी को ससुराल में आवास दिया जाए या आवास बेटी के बच्चों के नाम दर्ज किया जाए। साथ ही दोबारा आटा-चक्की चलाने दी जाए। इसके बाद दोनों ने डीएम कार्यालय से बाहर निकलकर बैग में रखी पेट्रोल की बोतल निकालकर आत्मदाह का प्रयास किया।

**डीएम ने पढ़ाया संस्कारों का पाठ :** महिला शालू ने अपने सास-ससुर की डीएम के समक्ष खूब बुराई की। भला-बुरा कहने पर डीएम ने संस्कारों का पाठ पढ़ाया। कहा कि सास-ससुर की सेवा करने से संपत्ति समेत सभी अधिकार मिलेंगे।

सिविल लाइंस थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि डीएम कार्यालय पर आत्मदाह का प्रयास करने के आरोप में मां-बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# खेत में चारा काट रहे युवक पर लाठी-डंडे से हमला

**संसू, छपार:** खेत में चारा काट रहे युवक पर तीन अज्ञात आरोपितों ने लाठी डंडे से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पीड़ित जितेंद्र कुमार, जो गांव जयभगवानपुर का निवासी है, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि बुधवार दोपहर डेढ़ बजे जब वह अपने खेत में चारा काट रहा था, तभी तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और उस पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। आस-पड़ोस के लोगों को आता देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

**खोखे में चोरी का आरोपित गिरफ्तार**

छपार: पान के खोखे का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपित को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी आमिर ने गांव में पान, बीडी, सिगरेट और कोल्डड्रिंक का खोखा खोला हुआ है। बुधवार को ताला तोड़कर अंदर घुस गया। उसने 1500 रुपये की नगदी और सामान चुरा लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया है।

# कोयला कारोबारी के 13 .63 लाख रुपये और फार्च्यूनर कार लेकर भागा चालक गिरफ्तार

**संस, जागरण • खतौली:** दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित होटल से मंगलवार दोपहर दिल्ली के कोयला कारोबारी के 13.63 लाख रुपये और फार्च्यूनर गाड़ी लेकर भागे चालक को खतौली थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से नगदी व गाड़ी बरामद कर ली गई। सीओ राम आशीष यादव ने बताया कि पूर्वी दिल्ली के सविता विहार शकरपुर निवासी आयुष जैन पुत्र विनय जैन कोयला कारोबारी हैं। मंगलवार सुबह आयुष जैन दिल्ली से रिश्तेदार मोहन जैन व चालक प्रेम उर्फ परमेश्वर के साथ फार्च्यूनर गाड़ी से ईंट भट्ठों से कोयले का भुगतान लेने आए थे। वह बुढ़ाना व शाहपुर क्षेत्र में ईंट भट्ठा स्वामियों से 13.63 लाख रुपये एकत्र कर दिल्ली लौट रहे थे। करीब 2.30 बजे वह दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित एसवी पंजाबी ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके। इस दौरान चालक नकदी और गाड़ी लेकर फरार हो गया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार शर्मा ने कारोबारी की शिकायत पर पुलिस फोर्स के साथ चालक की तलाश की। सफेदा रोड अंडरपास के निकट चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 13.63 लाख की नकदी व फार्च्यूनर गाड़ी बरामद कर ली गई। पुलिस ने बताया कि कोयला कारोबारी आयुष जैन ने चालक प्रेम उर्फ परमेश्वर यादव को आठ माह पहले नौकरी पर रखा था। इसके



पुलिस की गिरफ्त में नगदी और गाड़ी लेकर भागा चालक प्रेम उर्फ परमेश्वर यादव • जागरण

पहले वह कोलकाता में नौकरी करता था। उसका ड्राइविंग लाइसेंस बंगाल और पहचान पत्र बिहार का बना हुआ है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आयुष जैन की 13.63 लाख नकदी व फार्च्यूनर लेकर भागे चालक की तलाश में घटनास्थल के आसपास व मेन रोड स्थित प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला गया।

# विश्वासघात कर ड्राइवर ने कर दी अंसल की हत्या

## स्वजन बोले, सावन रिश्तेदारियों में भी जाता था, उसे मिले कड़ी से कड़ी सजा

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरनगर:** कारोबारी अंसल की मेरठ में हुई हत्या पर स्वजन और पड़ोसी आहत हैं और कार चालक सावन को कोस रहे है...क्योंकि अंसल हमेशा सावन को ही अपने साथ लेकर जाता था, जैसा खुद खाता था, वैसा ही उसे भी खिलाता था। रिश्तेदारी में जाना हो या फिर व्यापार के काम से, हर जगह सावन ही अंसल की गाड़ी चलाकर ले जाता था। अंसल की बहन सोनल ने बिलख कर कहा कि सावन ने विश्वासघात किया है। उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वहीं, पड़ोसियों ने कहा कि जब ड्राइवर ही ऐसा करेंगे, तो कौन विश्वास करेगा।



मृतक अंसल उर्फ शुभम का फाइल चित्र

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बचन सिंह कालोनी गली नंबर दो में रहने वाले 32 वर्षीय अंसल उर्फ शुभम पुत्र प्रदीप सिंघल की उसके ड्राइवर सावन पुत्र इतरसिंह निवासी गांव सीमली थाना शाहपुर ने मंगलवार को गाजियाबाद जाते समय चाकू से हमला कर हत्या कर दी। सरधना थाना पुलिस ने हत्यारोपित सावन को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार दोपहर बाद अंसल का शव उसके घर बचन सिंह कालोनी में पहुंचा। देर शाम लगभग सात बजे भोपा रोड स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उसकी हत्या से परिवार में कोहराम मचा है। पडोस में शोक का माहौल है। तीन साल पहले ही अंसल की सीमा नाम की लड़की से दूसरी शादी हुई थी। पहली पत्नी से उसे 11 साल की बेटी व नौ साल का बेटा है। अंसल के पिता प्रदीप सिंघल की भी चार महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो गई। उसके पिता सरकुलर रोड पर चाय की दुकान करते थे। जबकि अंसल गाजियाबाद में मैस चलाता था। मंगलवार को भी अंसल अपने मामा के बेटे मोहित बंसल की बलेनो कार लेकर गाजियाबाद जा रहे थे। गाड़ी में साढ़े सात लाख रुपये कैश था। अंसल की बहन सोनल ने बताया कि भाई के साथ सावन ही गाड़ी चलाकर गया था। जिसने सोने की अंगूठी और रुपये के लालच में आकर उसके भाई की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। अंसल के घर पर लोगों की भीड़ जुटी है। सभी लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे है।



बचन सिंह कालोनी में अंसल के मकान के बाहर गमजदा बैठी महिलाएं • जागरण

### भाई सावन को लेकर ही आता था घर

रोते-बिलखते हुए अंसल की बहन सोनल ने बताया कि जब भी उसका भाई सिंधारा लेकर आता था तो उसके साथ गाड़ी चलाकर सावन ही आता था। कभी सावन के साथ चालक की तरह व्यवहार नहीं किया गया। जैसा खाना भाई को देती थी.. उसके साथ ही सावन भी खाता था। उसने विश्वासघात किया है।

### अलमासपुर में ट्रांसपोर्ट पर काम करता था सावन

अंसल के मामा के बेटे मोहित न जीजा अमित ने बताया कि हत्यारोपित सावन पहले पड़ोसी की भी गाड़ी चलाता था। इससे पहले अलमासपुर में अंकित ट्रांसपोर्टर के यहां गाड़ी चलाने का काम करता था। पडोस के सभी लोग उसे अच्छे से जानते थे। वह घर पर आता जाता था, लेकिन वह इतना बड़ा कदम उठाएगा, किसी को अंदाजा नहीं था।

# एएनएम की चाकू से गोदकर हत्या, बेड पर मिला शव

**संसू, जागरण • मुजफ्फरनगर:** गांव शाहबुद्दीनपुर में महिला एएनएम की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। उसका शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

शाहबुद्दीनपुर निवासी 55 वर्षीय बबीता पत्नी स्व. चंद्रपाल चरथावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बतौर एएनएम कार्यरत थीं। बुधवार रात बबीता का शव कमरे में बेड पर लहूलुहान हालत में मिला। उनकी गर्दन पर चाकू से वार किए जाने के निशान मिले हैं। पड़ोसी परिवार की महिला ने घर में जाकर बेड पर शव देखा तो ग्रामीणों को जानकारी दी। इस दौरान बदमाश आने का भी शोर मच गया। सूचना मिलते ही सीओ सिटी राजू कुमार साव और नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। हत्या पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए हंगामा किया। सीओ सिटी का कहना है कि घटना के संबंध में जांच चल रही है। अभी पीड़ित परिवार की तरफ से तहरीर नहीं दी गई है।



गांव शाहबुद्दीनपुर में हत्या के बाद पहुंचे सीओ सिटी राजू कुमार साव व पुलिसकर्मी•

**बेटा रेलवे में है, घर में अकेली थी बबीताः** जानकारी मिली कि एएनएम बबीता का बेटा गौरव रेलवे विभाग में कार्यरत है। जिस समय वारदात हुई, बबीता बुधवार की शाम को घर पर अकेली थी। पड़ोसी महिला ने उसे फोन किया, लेकिन काल रिसीव नहीं हुई। इसी कारण पड़ोसी महिला उसके घर पहुंची तो बेड पर बबीता का शव मिला। उसकी गर्दन व आंख पर चोट के निशान मिले। सीसीटीवी में मिला संदिग्ध गांव शाहबुद्दीनपुर में एएनएम बबीता की हत्या की घटना के बाद पुलिस देर रात तक छानबीन में जुटी रही। जिस मकान में बबीता की हत्या हुई उसके आसपास भवन पर लगे सीसीटीवी की फुटेज को भी पुलिस ने खंगाला है।

उसमें पुलिस को एक संदिग्ध नजर आया है, जिस पर पुलिस जांच के जुटी है। माना जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जल्द ही वारदात को अंजाम देने वाले तक पहुंच जाएगी।


**उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0**

ई–निविदा सूचना, दिनांक–06.08.2025

निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण– ETD MT T-02/2025-26 (अल्पकालिक) विभिन्न 220/132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर स्थापित 220/132 के0वी0 परिवर्तकों

## बेटियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने में कल्याणदेव का अतुल्य योगदान



शुक्रतीर्थ के श्री शुकदेव आश्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप को सम्मानित करते पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज • जागरण

मोरना : राज्य महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप ने शुकतीर्थ भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में पहुंचकर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज से भेंट की और आशीर्वाद लिया तथा कहा कि गांव की बेटियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने में वीतराग स्वामी कल्याणदेव की योगदान है। महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप ने सिद्ध वटवृक्ष की परिक्रमा कर श्री शुकदेव मंदिर में पूजा अर्चना की और शिक्षा ऋषि वीतराग स्वामी कल्याणदेव जी महाराज की स्मृति गैलरी का अवलोकन किया। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने उन्हें शुकतीर्थ साहित्य भेंट कर आशीर्वाद दिया। सीओ ऋषिका सिंह, महिला थाना प्रभारी संगीता चौधरी, कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, आचार्य सुमन कृष्ण शास्त्री, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय, बाल कल्याण समिति के सदस्य डा. राजीव कुमार मौजूद रहे।

## महिलाओं का उत्पीड़न करने वालों पर हो कार्रवाई : सपना



जानसठ तहसील में शिकायत सुनतीं महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप •

जानसठ : तहसील सभागार के कक्ष में आयोजित महिला जनसुनवाई, जागरूकता चौपाल में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना कश्यप ने क्षेत्र से शिकायत लेकर आई पीड़िता महिलाओं की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका निस्तारण करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को चौपाल में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप ने कहा कि महिलाओं के साथ उत्पीड़न करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान मोरना से पहुंची पीड़ित महिला ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका पुत्र कक्षा पांच में पढ़ता है। प्राइवेट स्कूल की महिला ने फीस कम करवाने की मांग की। गांव कवाल में स्थित पीएचसी में तैनात महिला चिकित्सक डा. प्रतीक्षा ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में बनी पीएचसी की बिल्डिंग जर्जर हालत में है। ठीक कराने की मांग रखी। इस दौरान सीओ फुगाना ऋषिका सिंह, श्रम विभाग विंध्या शुक्ला, जानसठ इंस्पेक्टर राजीव शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## फर्जी मुठभेड का आरोप भोकरहेड़ी में महापंचायत

मोरना : अवैध असलहा तस्करी के आरोप में युवकों की गिरफ्तारी के बाद सहरावत खाप और राष्ट्रीय जाट महासभा भारत ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोला है। इस संबंध में आज भोकरहेड़ी के आर्य समाज मंदिर में महापंचायत आयोजित की जाएगी। कस्बा भोकरहेड़ी के सहरावत खाप तालमेल कमेटी के प्रदेश संयोजक बीर सिंह, जिला खाप चौधरी चंद्रवीर सहरावत, और राष्ट्रीय जाट महासभा के मंत्री मनोज राठी उर्फ बिन्नू ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने कई निर्दोष छात्रों को जेल भेजा है। पुलिस ने पंचायत चुनाव से युवकों को जोड़कर झूठे आरोप लगाए हैं।

## मारपीट कर बाइक में तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज

खतौली : भूड़ पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव शेखपुरा निवासी ललिता पुत्री गौरी शंकर ने बताया कि 26 जुलाई को उसकी बहन व जीजा के बीच झगड़ा हो गया था। उसे बीच बचाव की कोशिश की तो उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गई। उसका होने वाला पति मौके पर पहुंचा तो जीजा नीरज उर्फ फौजी, शुभम, सुमित व अमन ने लाठी-डंडों से हमला किया और उसकी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसे जाने से मारने की धमकी दी गई। थाने में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। -संस

## महिला कर्मचारी ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

जासं, खतौली: नगर पालिका परिषद की आउटसोर्सिंग महिला ने कर्मचारी आरती ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह कंप्यूटर आपरेटर पर के पद पर कार्यरत है। कस्बे का एक युवक उसका उत्पीड़न कर रहा है। उससे जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अवैध वसूली की मांग करता है। आरोप है कि उक्त युवक उससे तीन हजार रुपये ले चुका है। उधर, सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष सुधीर धामा का कहना है कि आरोपित पर कार्रवाई नहीं की तो सफाई व्यवस्था ठप करेंगे। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मकान का छज्जा गिरने से दो महिला समेत छह घायल

संवाद सूत्र, जागरण•मीरापुर: पिछले तीन से हो रही वर्षा से कुतुबपुर गांव में मकान का छज्जा गिरने से एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

कुतुबपुर गांव निवासी जयवीर पुत्र खजान सिंह ने बताया कि वह मंगलवार की देर रात अपने पुत्र, पुत्री व पुत्रवधू के साथ बरामदे में बैठा हुआ था तभी अचानक मकान का छज्जा भर-भराकर नीचे गिर गया। इससे छज्जे के नीचे बैठा जयवीर व उसके पुत्र अर्जुन, ललित व विकास, पुत्री ललिता व पुत्रवधू ममतेश मलबे के नीचे दब गए तो मौके पर चीख पुकार मच गई। लोगों ने मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला। ग्रामीण उपचार के लिए चिकित्सक के यहां ले गए तो चिकित्सक ने उन्हें मेरठ रैफर कर दिया।

# 21 अगस्त से होगी 13 जिलों की अग्निवीर भर्ती

अमर उजाला ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में 21 अगस्त से आठ सितंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। डीएम उमेश मिश्रा ने अधिकारियों को तैयारियां दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सभागार में भर्ती की तैयारियों के लिए बैठक का आयोजन किया गया। सेना के भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने अधिकारियों को रैली के मद्देनजर की जाने वाली व्यवस्थाओं और आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली में करीब 17 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रतिदिन लगभग 1200 अभ्यर्थी आएंगे।

### भर्ती रैली में करीब 17 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी तरह की चूक नहीं रहनी चाहिए। सभी विभाग आपस में समन्वय कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। पेयजल, साफ-सफाई, बेरीकेडिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लाइट, शौचालय, एंबुलेंस, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़, पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ मौजूद रहे।

### इन जिलों के अभ्यर्थी होंगे शामिल

चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में होने वाली रैली में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ और बुलंदशहर के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**अतिरिक्त बसों का किया जाएगा संचालन :** भर्ती रैली के दौरान परिवहन विभाग को बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था रहेगी। परिवहन विभाग को पर्याप्त मात्रा में बसों को संचालन करने, अग्निशमन विभाग को रैली स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।



अग्निवीर परीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। स्रोत : सूचना विभाग

# मां-बेटी ने तीन बच्चों संग किया आत्मदाह का प्रयास

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजफ्फरनगर। पति की मौत के बाद ससुराल वालों ने महिला व उसके तीन छोटे बच्चों के लिए घर का दरवाजा बंद कर लिया। पीड़िता ने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। कार्रवाई न होते देखकर पीड़िता ने अपने तीन छोटे बच्चों व मां के साथ डीएम कार्यालय के बाहर पहुंच कर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने उन्हें बचा लिया।

जानसठ के मोहल्ला गंगा रामपुरा निवासी महिला शालू की शादी कवाल निवासी अमित के साथ हुई थी। एक माह पहले ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया। घर के दरवाजे महिला व उसके तीन बच्चों के लिए बंद कर लिए। महिला ने अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

### पुलिस ने दोनों का शांति भंग की आशंका में किया चालान

बुधवार को महिला अपने तीन छोटे बच्चों व मां बेबी के साथ डीएम कार्यालय के बाहर पहुंची। वहां उन्होंने कैन में लाया गया पेट्रोल अपने ऊपर डाल कर आत्मदाह का प्रयास किया। कचहरी में तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें बचा लिया। इस दौरान कैन से आधा पेट्रोल जमीन पर बिखर गया। पुलिस ने कैन व एक लाइटर कब्जे में लिया है। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

पुलिसकर्मी दोनों महिलाओं व बच्चों को सिविल लाइन थाने ले गए। पुलिस ने उन्हें समझाया। पुलिस ने बताया कि दोनों महिलाओं का शाति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

पीड़िता शालू ने बताया कि उसकी शादी 2013 में हुई थी। उसके परिवार में बड़ा बेटा दक्ष (11), देव (9) व बेटी प्रज्ञा (5) है। पिछले साल दस जुलाई को पति की बीमारी के कारण मौत हो गई। पति घर में आटा चक्की चलाता था। पति की मौत के बाद उसने यह काम करना शुरू कर दिया। उसने सालारपुर में एक फैक्टरी में नौकरी करना भी शुरू कर दिया।

एक माह पहले वह वह ड्यूटी पर गई थी। शाम को घर पहुंची तो ससुराल वालों ने उसके तीनों बच्चों को बाहर निकाल कर कर दरवाजा बंद कर लिया था ।

उन्हें घर में न रहने देने की चेतावनी दी। उसने सालारपुर में किराए पर कमरा लेकर रहना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने अधिकारियों से शिकायत की। कार्रवाई न होने पर उसने परेशान होकर यह कदम उठाया।



मां-बेटी से पेट्रोल की केन छीनती महिला पुलिसकर्मी। संवाद

## महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र निवासी प्रीति ने बीमारी से परेशान होकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। पंचनामा भरकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली कि एक कॉलोनी में किराए के मकान में चालीस वर्षीय महिला ने आत्महत्या कर ली है। सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि घटना के समय महिला घर में अकेली थी, पति ड्यूटी पर व दो बच्चे स्कूल गए थे। दोपहर में दोनों बच्चे स्कूल से घर पहुंचे तो उन्हें कमरा बंद मिला। उन्होंने अपने पिता को सूचना दी। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पति भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंचा। किसी तरह कमरा खोला गया। मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। परिजनों ने पोस्टमार्टम इंकार कर दिया। संवाद

## उत्पीड़न करने वालों पर होगी कार्रवाई

जानसठ। तहसील सभागार में महिला जन सुनवाई/जागरुकता चौपाल में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप ने क्षेत्र की पीड़िता महिलाओं की समस्याओं को सुना। संबंधित अधिकारियों को उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बुधवार को महिला जनसुनवाई/जागरुकता चौपाल में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप ने कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान मोरना से पहुंची पीड़ित महिला ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका पुत्र कक्षा पांच में पढ़ता है। प्राइवेट स्कूल की ओर से बहुत ज्यादा फीस की मांग की जा रही है। गांव कवाल में स्थित पीएचसी में तैनात महिला चिकित्सक डॉक्टर प्रतीक्षा ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में बनी पीएचसी की बिल्डिंग जर्जर हालत में है। संवाद

# गुणवत्तापूर्ण और समय से किया जाए शिकायतों का समाधान : डीएम

अमर उजाला ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल से संबंधित शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाए। गुणवत्तापूर्ण समाधान होना चाहिए।

जिला पंचायत सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की गई। डीएम ने अभियंता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय पीडी

### आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को लेकर हुई बैठक

डीआरडीए, तहसीलदार जानसठ, बुढ़ाना, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, जिला कमांडेंट होमगार्ड, उपनिदेशक मंडी, खंड विकास अधिकारी मोरना, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता सिंचाई, तहसीलदार खतौली, तहसीलदार बुढ़ाना, तहसीलदार सदर, उपजिलाधिकारी खतौली, उपजिलाधिकारी सदर, जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समय के अंतर्गत किया जाए।

वहीं कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में ना हो पाए, इससे पूर्व उसका निस्तारण सही ढंग से किया जाए। यदि किसी विभाग की ओर से शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। एडीएम वित्त एवं राजस्व गर्जेंद्र कुमार, एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

# घर में घुसकर रेलवे कर्मी की मां को मार डाला

## शाहबुद्दीनपुर गांव में वारदात, एएनएम थी महिला

संवाद न्यूज एजेंसी

### बेटा रेलवे विभाग मेरठ में करता है गार्ड की नौकरी

मुजफ्फरनगर। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहबुद्दीनपुर में रेलवे कर्मचारी की मां स्वास्थ्यकर्मी (एएनएम) बबीता (55) की घर में ही धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। महिला के चेहरे और शरीर पर चोट के निशान हैं।


बबीता (फाइल फोटो)

गांव शाहबुद्दीनपुर निवासी बबीता स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर गांव मलीरा में तैनात थीं। बबीता का पुत्र गौरव रेलवे विभाग मेरठ में गार्ड की नौकरी करता है। बबीता और गौरव सुबह ड्यूटी पर जाते थे और देर शाम तक घर आ जाते थे। गौरव की पत्नी मोनिका दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

वह अपनी ढाई वर्षीय पुत्री के साथ दिल्ली में ही रहती हैं। मां व बेटे गांव में अकेले रहते हैं। बुधवार देर शाम बबीता ड्यूटी से वापस आ गई थी जबकि गौरव नहीं लौटा। रात करीब पौने नौ बजे पड़ोस में रहने वाली बबीता की रिश्तेदार गीता उसके घर गई तो उसने देखा कि बबीता बेड पर मृत पड़ी थी और उसकी चुनरी खून में सनी थी।

गीता ने बाहर आकर शोर मचाया तो भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गौरव व पुलिस को दी। सीओ सिटी राजू कुमार साव तथा शहर कोतवाली व सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद गौरव भी घर पहुंच गया। पुलिस ने शव को मोर्चरी के लिए भेजा है। सीओ सिटी ने कहा कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

>> परिचित युवक की तरफ घूम रही शक की सुई : पेज 4

## खेत में चारा काट रहे किसान को पीटा

छपार। गांव जय भगवानपुर निवासी किसान गोपी का पुत्र जितेंद्र उर्फ जीतू बुधवार दोपहर खेत में चारा काट रहा था, उसी वक्त तीन बदमाश हाथों में लाठी-डंडे लेकर आये और मारपीट की। शोर मचाने पर बदमाश फरार हो गए। पीड़ित ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन व ग्रामीण खेतों में पहुंचे, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। पीड़ित ने थाने में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मौका मुआयना करने पर मारपीट जैसा कुछ नहीं मिला। संवाद

## मारपीट कर बाइक तोड़ने का आरोप, मुकदमा दर्ज

खतौली। गांव शेखपुरा निवासी युवती ने मंगेतर के साथ मारपीट व उसकी बाइक तोड़ने का आरोप लगाया है। युवती ने अपने जीजा समेत चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गांव शेखपुरा निवासी ललिता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बहन राधिका व जीजा नीरज उर्फ फौजी के बीच झगड़ा हो गया था। इसमें उसने बीच बचाव कराना चाहा तो नीरज ने उसके साथ मारपीट की। जिसकी जानकारी उसने अपने मंगेतर पीयूष को दी, जिस पर वह उनके घर आ गया। आरोप है कि उसके जीजा शेखपुरा निवासी नीरज उर्फ फौजी ने शुभम, सुमित, अमन के साथ मिलकर उसके मंगेतर के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। इस दौरान उसकी बाइक में भी तोड़फोड़ की गई। संवाद

## नकली दवा बनाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। शहर कोतवाली पुलिस ने नकली कीटनाशक दवा व खाद बनाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक मुख्य आरोपी कूकड़ा निवासी अमित को पहले गिरफ्तार कर लिया गया था। शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि 23 जून को कृषि विकास अधिकारी राहुल तेवतिया ने अपनी टीम के साथ श्रीराम पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास नकली खाद, कीटनाशक बनाने की फैक्टरी पर छापा मार कर वहां से काफी नकली दवा व कीटनाशक बरामद किया था। मुकदमा दर्ज कर नामजद मुख्य आरोपी को पहले पकड़ लिया गया था। जांच-पड़ताल में प्रकाश में आने पर बामनहेड़ी पुल के पास से सिविल लाइन थाने की रैदासपुरी निवासी उमाशंकर पटेलनगर कूकड़ा निवासी अरविंद उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। अभी चार आरोपियों को पुलिस तलाश रही है। संवाद

## युवक पर लगाया फब्तियां कसने का आरोप

खतौली। पालिका में महिला कंप्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी तहसील में है। आरोप लगाया कि नगर निवासी एक युवक ने कार्य के दौरान जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे अपमानित किया। आरोपी 20 दिनों से उसे व्हाट्सएप कॉल के जरिए फब्तियां कस रहा है। पीड़िता ने आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर वाल्मीकि ने आरोपी युवक पर वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच की जाए। कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन कर सफाई कार्य ठप करने की चेतावनी दी है। संवाद

# परिचित युवक की तरफ घूम रही पुलिस के शक की सुई

मुजफ्फरनगर। शाहबुद्दीनपुर गांव में एएनएम बबीता की हत्या के मामले में पुलिस ने कई बिंदुओं पर जांच शुरू की है। पुलिस के शक की सुई एक परिचित युवक की तरफ घूम रही है।

ग्रामीणों के अनुसार घटना के समय महिला घर पर अकेली थी। जिस तरह से हत्यारोपी घर में पहुंचा, इससे प्रतीत हो रहा है कि वह बबीता का परिचित रहा है। उसने महिला के अकेलेपन का फायदा उठाकर हत्या कर दी। वह सीसीटीवी कैमरे में आता-जाता दिखाई दिया है।

मौके पर पहुंचे सीओ सिटी ने बताया कि मृतका के घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें हत्यारोपी मृतका के घर में दिखाई दिया है। हत्यारोपी गांव का ही रहने वाला हो सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले के बच्चे बबीता के घर पर खेल रहे थे। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा तथा घर में खेल रहे बच्चों को उसने घर से बाहर भेज दिया और उसने घर का दरवाजा बंद कर लिया था।

बबीता के पति चंद्रपाल की कोरोना काल में मौत हो गई थी। वह रेलवे विभाग में कर्मचारी थे। जिस कारण उनकी नौकरी बेटे गौरव को मिल गई थी। बबीता की एक बेटी शालू है, जिसकी शादी हो चुकी है। संवाद

# 13.65 लाख रुपये की नकदी और कार बरामद

## चालक गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गई कार और रुपये बरामद किए

संवाद न्यूज एजेंसी

**खतौली।** चालक अपने मालिक की फॉर्च्यूनर कार को चोरी कर ले गया। कार में 13.65 लाख रुपये थे। पुलिस ने आरोपी चालक को एक दिन में ही गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई कार और रुपये भी बरामद किए हैं।



आरोपी चालक

सीओ राम आशीष यादव ने बताया कि दिल्ली के शकरपुर पूर्वी सविता विहार निवासी आयुष जैन ईंट भट्ठों पर कोयला सप्लाई का कार्य करता है। मंगलवार को वह अपने कार चालक दिल्ली के कड़कड़डूमा थाना आनंद विहार निवासी प्रेम उर्फ परमेश्वर यादव को साथ लेकर शामली, ऊन, शाहपुर आदि ईंट भट्ठों से कोयले का पैसा

### सर्विलांस की मदद से सफेदा रोड अंडरपास के निकट से आरोपी को पकड़ा

लेकर आ रहा था। कार में 13.65 लाख रुपये रखे हुए थे। खतौली बाईपास पर आयुष जैन अपने चाचा के साथ एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके। इस दौरान उन्होंने अपने कार चालक को भी खाने के लिए बुलाया, मगर कार चालक नहीं आया।

खाना खाते समय उनका चालक कार, उसमें रखे रुपये चोरी कर भाग गया। इस संबंध में आयुष जैन ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की।

टीम ने सीसीटीवी कैमरों और सर्विलांस की मदद से सफेदा रोड अंडरपास के निकट से आरोपी कार चालक को पकड़ लिया। आरोपी से कार, रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।



आरोपी कार चालक से बरामद किए रुपये। संवाद

# परिचालक की उपचार के दौरान मौत

**मीरापुर।** तीन दिन पहले मुजफ्फरनगर-मवाना रूट की प्राइवेट बस के ब्रेक फेल होने के बाद टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए थे। बाइक सवार युवकों के साथियों ने बस परिचालक की बुरी तरह से पिटाई कर दी। मंगलवार देर रात परिचालक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

क्षेत्र के भुम्मा गांव निवासी मुकेश प्राइवेट बस पर परिचालक था। सोमवार शाम मुकेश की बस मुजफ्फरनगर से चलने के बाद जब मीरापुर के मुख्य बस स्टैंड पर पहुंची तो बस के ब्रेक फेल हो गए और बाइक में टक्कर लगने से मोहल्ला कमलियान निवासी शाह आलम व शाहवेज घायल हो गए थे।

उनके साथियों ने परिचालक की पिटाई की थी। घायल का दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र अक्षय ने कासिफ, भूरा, रहीस, हाफिजी, हसीन, जावेद व नईम और 15-20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि कई लोगों को हिरासत में ले लिया है।

# दीवार गिरने से पांच साल का बच्चा, दो किशोर दबे

संवाद न्यूज एजेंसी

**चरथावल।** खुसरोपुर गांव में मकान की दीवार गिरने से मौके पर खेलते हुए पांच साल का बच्चा, दो किशोर मलबे में दब गए। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इनमें बच्चे की हालत नाजुक है। जिला मुख्यालय निजी हॉस्पिटल में भर्ती हैं।

बुधवार शाम करीब चार बजे गांव में बुंदू के मकान की सड़क किनारे दीवार भरभराकर गिर गई। उस वक्त वहां कुछ बच्चे खेल रहे थे। कुछ मौके से गुजर रहे थे। अचानक दीवार गिरने से पांच साल का शाहबान और करीब 16 साल के दो किशोर अरहम, नब्बू मलबे में दबकर घायल हो गए। लोगों ने



घायल नब्बू



घायल अरहम

आनन-फानन में कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। परिजनों ने तीनों को चरथावल सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचकर घटना की जानकारी ली, लेकिन एक बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण रेफर कर दिया। वहीं दोनों घायल किशोरों को उपचार के बाद घर के लिए रिलीव किया गया।

राजस्व विभाग से कानूनगो हितकर चौधरी, लेखपाल प्रवीण गुप्ता, लेखपाल शीतल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। पूर्व प्रधान मोइन एडवोकेट ने सीएचसी से गंभीर रूप से घायल बच्चे को उपचार के लिए मुजफ्फरनगर भेजा। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम के समक्ष प्रशासन से घायलों को मुआवजा दिलाने की मांग की।



दीवार गिरने के बाद मुआयना करती राजस्व विभाग की टीम। संवाद

# जाम से मुक्ति के लिए बदला बिजनौर आने, जाने वाली रोडवेज बसों का मार्ग

संवाद न्यूज एजेंसी

**मुजफ्फरनगर।** महावीर चौक व पुल पर रोजाना लगने वाले जाम के मद्देनजर यातायात पुलिस ने बिजनौर की तरफ जाने वाली रोडवेज बसों के आवागमन को लेकर नई व्यवस्था बनाई है। अब पुल से रोडवेज बस जा तो सकती है, लेकिन वापसी के दौरान उसे दूसरे मार्ग से आना होगा।

महावीर चौक नगर का सबसे व्यस्तम क्षेत्र है। महावीर चौक से रोजाना दर्जनों रोडवेज बस मेरठ, दिल्ली, बागपत, शामली, पानीपत, करनाल क्षेत्र में जाती हैं। वहां से वापस भी आती हैं। जानसठ, बिजनौर, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली जाने वाली बस भी महावीर चौक पुल से होकर जाती हैं।

> महावीर चौक व पुल पर लगने वाले जाम के मद्देनजर नई व्यवस्था बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। अच्छे परिणाम मिलने पर व्यवस्था को पुख्ता तौर पर लागू किया जाएगा। -**अतुल कुमार चौबे, एसपी यातायात।**

महावीर चौक व पुल पर रोजाना जाम के हालात बने रहते हैं।

इस चौराहे से सुबह से रात तक कई हजार छोटे-बड़े वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। यातायात पुलिस को जाम खुलवाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। जाम के हालातों को देखते हुए यातायात पुलिस ने बिजनौर मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बसों के लिए नई व्यवस्था बनाई है।

## यह बनाई व्यवस्था

**पहले :** जानसठ, बिजनौर व अन्य मार्ग पर जाने व आने वाली सभी रोडवेज बसें बस अड्डे से चलकर साईधाम के सामने से महावीर चौक पुल के नीचे से होकर महावीर चौक पहुंचती थीं। चौक पर घूमने के बाद पुल के ऊपर से आना जाना करती थीं।

**अब :** नई व्यवस्था के अनुसार, बिजनौर जाने वाली रोडवेज बस महावीर चौक के पुल के ऊपर से होकर जाएंगी, लेकिन वापस आने के दौरान जानसठ रोड पर अलमासपुर चौराहे से परिक्रमा मार्ग से होकर रेशू विहार मार्ग से सरकुलर रोड पर पहुंचेंगी। इसके बाद महावीर चौक पर पहुंच कर पुल के नीचे से होकर बस अड्डे पर पहुंचेगी।

# खतरे के निशान पर गंगा, खादर में उफनाई सोलानी नदी

## पुरकाजी से शुकतीर्थ तक खेतों में भर गया पानी, खादर क्षेत्र के कई गांवों के रास्तों पर भी जलभराव

संवाद न्यूज एजेंसी

**मीरापुर/मोरना/पुरकाजी।** उत्तराखंड से छोड़े गए पानी से गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। पुरकाजी से लेकर शुकतीर्थ तक सोलानी नदी उफना गई है। जलस्तर बढ़ने से खेतों में पानी घुस गया और खादर के कई गांवों के रास्तों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हो गया। प्रशासन ने खादर क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी है। हंसावाला में गुप्ता फार्म से मंगलवार रात पांच लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

बुधवार दोपहर हरिद्वार से गंगा में तीन लाख नौ हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे गंगा बैराज का जलस्तर 220.30 मीटर पर पहुंच गया। पानी रामराज क्षेत्र के जीवनपुरी और रामपुर ठकरा के जंगल में पहुंचने से किसान चिंतित हैं। सिंचाई विभाग की टीम ने रामराज खादर क्षेत्र का दौरा किया।

मोरना में सोलानी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पानी खेतों में घुसने से ग्रामीणों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। शुकतीर्थ खादर और बिहारगढ़ में पानी बढ़ रहा है। मुख्य गंगा घाट, परिवर्तनशाला व शुकदेव सेतु तक पानी पहुंच गया है। श्रद्धालुओं को स्नान करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**नदी में बड़े-बड़े पेड़ बहकर आ रहे, घरों तक पानी पहुंचा : पुरकाजी।** सोलानी नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया। गांव भदोला, भैंसली वाला, बढ़ीवाला, उदीयावली, रामनगर, रजगल्लापुर, शेरपुर नगला, आयक्री के जंगलों व खेतों और रास्तों पर भर गया। ग्रामीण डॉ. गुलशन कुमार, यादराम प्रजापति, राजू प्रजापति, साधुराम ने बताया कि पानी गांव रामनगर, रजगल्लापुर, शेरपुर नगला, रतनपुरी गांवों के कई घरों में भी घुस गया। नाविक अमित कुमार का कहना है कि नदी में उत्तराखंड से बड़े-बड़े पेड़ बहकर आ रहे हैं। पेड़ों के नाव में टकराने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में नावों का संचालन रोक दिया गया है। देवेंद्र खालसा, कुलवंत सिंह, जोगेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह ने बताया कि खेतों में करीब पांच फीट पानी भरा हुआ है।



पुरकाजी के खादर क्षेत्र के गांव भैंसली वाला के स्कूल में भरा पानी। स्रोत : ग्रामीण



शामली रोड पर खानुपुर की मुख्य सड़क पर भरा पानी। संवाद



खतरे के निशान से ऊपर गंगा का जलस्तर। संवाद

### बाढ़ चौकियां स्थापित

एसडीएम जानसठ जयेंद्र कुमार ने बताया मजलिसपुर तौफीर, भोकरहेड़ी, शुकतीर्थ, बिहारगढ़ समेत गंगा बैराज के समीप बसे गांव में भी बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। 24 घंटे लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। शुकदेव सेतु पर पानी के साथ बहकर आई जलकुंभियों को दो जेबीसी मशीनों से हटाया जा रहा है।

### लोहे के पुल का निकाला जाएगा समाधान

**पुरकाजी।** एसडीएम सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौंड ने खादर क्षेत्र का दौरा किया। गांव शेरपुर के पास लक्सर हाईवे पर लगे लोहे के पुल में फंसे कबाड़ को जेसीबी से हटवाया। एसडीएम सदर ने बताया कि लोहे के पुल को हटवाने के लिए ग्रामीणों से वार्ता की गई है। जल्द ही इसे लेकर समाधान निकाला जाएगा। संवाद



शुकतीर्थ गंगा घाट पर बढ़ा जल स्तर। संवाद

### रुक-रुककर होती रही बारिश

मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहा। बुधवार को दिन में कभी धूप खिली तो कभी बारिश हुई। इससे पहले मंगलवार रात को रुक-रुककर बारिश होती रही। अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहा। 22.6 मिमी बरसात रिकॉर्ड की गई।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी रक्षा की डोर

**मुजफ्फरनगर।** रक्षाबंधन के पर्व पर ब्रह्माकुमारीज केशवपुरी सेवा केंद्र की राजयोगिनी शालिनी, रिया, शीतल, भावना बहन ने डीएम समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर रक्षा की कामना की। उन्होंने एडीएम वित गजेन्द्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट, एसएसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ और एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह को राखी बांधकर सेवा भावना का स्मृति चिह्न भी भेंट किया। संवाद

## दहेज हत्या में वांछित पति, सास गिरफ्तार

**चरथावल।** पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में साल भर से ज्यादा समय से वांछित चल रहे मृतका के पति और सास को गिरफ्तार कर चालान किया है। पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष 2024 में दूधली गांव में मोहित की पत्नी की जहरीले पदार्थ के निगलने से मौत हो गई थी। मृतका के मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा कायम कराया था। सीओ नई मंडी ने मामले में विवेचना की थी। मृतका के पति मोहित, सास कुसुम को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वर्तमान में दोनों आरोपी दूधली को छोड़ कर गाजियाबाद जिले के ट्रोनिका सिटी के गांव पचायरा में रह रहे थे। पुलिस ने वहीं से दोनों को गिरफ्तार कर चालान किया। संवाद

## अवैध शस्त्र तस्करी प्रकरण में जांच जारी

**भोपा।** अवैध शस्त्रों की तस्करी में पुलिस की जांच पड़ताल जारी है। पिछले तीन दिनों में पुलिस ने अवैध शस्त्रों की तस्करी के मामले में 16 लोगों को जेल भेजा है। भोपा सीओ डॉ. रवि शंकर मिश्रा का कहना है कि मामले में कार्रवाई चल रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पिस्टल, रिवाल्वर, तमंचे, कारतूस,कार, नगदी आदि भी बरामद की गई है। संवाद

## संदिग्ध व्यक्ति देखे जाने का मचा दिया शोर

**जानसठ।** कस्बे की रहने वाली महिला खेत में चारा लेने गई थी। महिला का कहना है कि ईख के खेत से काले कपड़े पहने हुए संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। महिला ने शोर मचा दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान भी मौके पर पहुंचे। संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए, लेकिन कोई नहीं मिला। सीओ यतेंद्र नागर का कहना है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। संदिग्ध व्यक्ति की पुलिस को तत्काल सूचना दें। संवाद